प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय,

दिनांक–14.08.2024 (सं0–84)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार पुलिस के पदाधिकारी/कर्मियों को प्रदत्त पदक

स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर बिहार पुलिस के 05 पदाधिकारी/कर्मियों को Medal for Gallantry, 02 पदाधिकारियों को President's Medal for Distinguished Service तथा 16 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को Medal for Meritorious Service पदक से सम्मानित किया गया है। पदक प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों की सूची निम्नवत् है :–

Police Medal for Gallantry

क0	नाम	पदनाम
1	स्व0 श्री आशीष कुमार सिंह	पुलिस अवर निरीक्षक
2	श्री दुर्गेश कुमार यादव	सिपाही
3	श्री रोहित कुमार रंजन	सिपाही
4	श्री अक्षय कुमार	सिपाही
5	श्री विजेन्द्र कुमार	सिपाही

दिनांक–12.10.2018 को रात्रि में श्री आशीष कुमार, थानाध्यक्ष, पसराहा को गुप्त सूचना मिला कि खगड़िया जिले का कुख्यात अपराधी दिनेश मुनी अपने गिरोह के साथ ग्राम दुधैला दियारा में छिपा हुआ है। दुधैला दियारा नवगछिया एवं खगड़िया जिला का बॉडर इलाका है। वहाॅ कि भौगोलिक स्थिति आवागमन हेतु अत्यंत हीं कठिन थी। उक्त अपराधी को पकड़ने के लिए श्री सिंह अपने टीम के अन्य सदस्यों के साथ करीब 18 कि0मी0 पैदल चलकर घटना स्थल तक दुधैला दियारा पहुॅचे हीं थे कि अपराधियों के द्वारा उन पर अंधाधुन गोली फायरिंग किया जाने लगा। थानाध्यक्ष श्री सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा अपराधियों से आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया परन्तु अपराधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और वे ताबरतौर फायरिंग करने लगे।

श्री सिंह एवं उनके टीम के सदस्यों द्वारा वीरता का परिचय देते हुए अपराधियों की ओर बढ़ने लगे तथा आत्मरक्षार्थ एवं सरकारी आग्नेयास्त्र के सुरक्षार्थ रूक–रूक कर सरकारी आर्म्स से गोली फायर करने लगे। अपराधकर्मी और उग्र होकर फायरिंग करने लगे। इस दौरान उनके टीम के सदस्य सिपाही दुर्गेश कुमार यादव को पैर में गोली लगी और वे जख्मी हो गये।

सिपाही के घायल होने के पश्चात भी श्री सिंह अदम्य साहस एवं धैर्य का परिचय देते हुए शेष बचे हुए पुलिसकर्मियों के साथ अपराधियों के विरूद्ध जवाबी कार्रवाई करते रहें। इस क्रम में अपराधियों के द्वारा चलाये गये गोली से श्री सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गये तथा इलाज हेतु ले जाने के क्रम में हीं वे वीरगति को प्राप्त हो गये।

श्री सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा अत्यंत बहादुरी अदम्य साहस वीरता एवं कार्य कुशलता तथा उच्च कोटि के कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए अपने टीम के एक सिपाही के जख्मी होने के बावजूद एक अपराधी को मार गिराया तथा आग्नेयास्त्र एवं गोलियाँ बरामद की गई। शेष सिपाहियों ने भी विशिष्ट वीरता, साहस एवं उच्च कोटि के कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया गया। इस संबंध में बिहपुर (नवगछिया) थाना कांड सं0–402/2018 दिनांक–12.10.2018 अंकित किया गया।

President's Medal for Distinguished Service

क0	नाम	पदनाम
1	श्री संजय सिंह	अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार
2	श्री राजेश कुमार शर्मा	वरीय पुलिस उपाधीक्षक, बि0वि0स0पु0–05

श्री संजय सिंह, भारतीय पुलिस सेवा के 1997 बैच के पदाधिकारी है। इन्होंने वर्ष 1994 में IIT, Kanpur से बी0टेक की डिग्री प्राप्त की तथा उसके उपरान्त इस सेवा में योगदान दिया। बिहार में वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक के रूप में अरवल, गया, सारण, औरंगाबाद तथा भागलपुर इत्यादि जिलों में तैनात रहें। I.T.B.P में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के उपरान्त ये लगभग 2 1/2 वर्षों तक पुलिस महानिरीक्षक, पटना के रूप में भी पदस्थापित थे। इन्हें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इनके द्वारा पुलिस सेवा में दिये गये योगदान के लिए " विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक " प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त श्री सिंह को पूर्व में आंतरिक सुरक्षा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, विशेष ड्यूटी पुलिस पदक (बार) भी प्रदान किया गया है।

श्री राजेश कुमार शर्मा 1994 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक हैं। ये वर्ष 2013 में पुलिस निरीक्षक एवं वर्ष 2019 में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए। जनवरी 2017 में इन्हें सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया था। सम्प्रति ये बि0वि0स0पु0–5 पटना में वरीय पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

Medal for Meritorious Service

क0	नाम	पदनाम
1	श्री नीरज कुमार सिंह	पुलिस अधीक्षक सम्प्रति पु0 महा0 के सहायक (निरीक्षण)
2	श्री पंकज कुमार	पुलिस अधीक्षक, लखीसराय
3	श्री अरविन्द्र कुमार सिन्हा	पुलिस उपाधीक्षक
4	श्री आशीष कुमार सिंह	पुलिस उपाधीक्षक
5	श्रीमती कुमारी किरण पासवान	पुलिस उपाधीक्षक
6	श्री विजय कुमार	पुलिस निरीक्षक
7	श्री विनायक राम	सहायक अवर निरीक्षक
8	श्री प्रकाश कुमार शर्मा	हवलदार
9	श्री मोरा मुंडा	सिपाही
10	श्री संजय कुमार सिंह	हवलदार
11	श्री विजय कुमार यादव	सहायक अवर निरीक्षक
12	श्री कृष्ण मोहन गुप्ता	पुलिस अवर निरीक्षक
13	श्री अंजनी कुमार	सिपाही
14	श्रीमती सविता देवी	सिपाही
15	श्री गणेश बहादुर थापा	हवलदार
16	श्री राजेश कुमार सिंह	हवलदार

बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा वीरता, विशिष्ट सेवा तथा सराहनीय सेवा के लिए महामहिम राष्ट्रपति से पदक प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को बधाई प्रेषित की जा रही है।

XXXXXXXXXX